राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून/नई दिल्ली 25 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में नवनिर्मित उत्तराखण्ड राज्य अतिथि गृह 'उत्तराखण्ड निवास' का भ्रमण किया और अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पहाड़ी शैली में बना यह भवन हमारी कला, संस्कृति और वास्तुकला का अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड निवास प्रदेशवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन को बढ़ावा देगा।

............0............